जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ✸ चाचौड़ा ✸ राघौगढ़ ✸ मुंगावली ✸ चंदेरी ✸ पोहरी ✸ कोलारस ✸ जीरापुर ✸ सारंगपुर ✸ बड़नगर ✸ नागदा — भोपाल, 26 मई 2026

राजगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत साइकिल रैली से लेकर नदी तटों पर स्वच्छता अभियान तक दिखी जनभागीदारी

# गंगा दशहरा पर जल संरक्षण का संकल्प, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**जागरण, राजगढ़/ ब्यावरा**

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जिलेभर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और स्वच्छता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक ओर ब्यावरा में प्रदेश के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने प्राचीन बावड़ी एवं अजनार नदी तट पर श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया, वहीं राजगढ़ में जिला प्रशासन ने साइकिल रैली, पदयात्रा और ई-वाहनों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। दोनों आयोजनों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पत्रकारों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

### जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का दिया संदेश

गंगा दशहरा पर ब्यावरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत राज्यमंत्री पंवार ने गुलाब शाहजी की प्राचीन बावड़ी एवं गंगा मंदिर के समीप अजनार नदी तट पर श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने बावड़ी के निकट लगभग 28 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स पवेल एवं प प हाउस निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि मानव जीवन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। उन्होंने नागरिकों से वर्षा जल संरक्षण एवं जल स्रोतों की रक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए गांव का पानी गांव में और शहर का पानी शहर में सुरक्षित रखने का संकल्प दोहराया।

उन्होंने बताया कि ब्यावरा शहर वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहा है, लेकिन अब मोहनपुरा डैम से जुड़ी पेयजल परियोजना के माध्यम से इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए प्रत्येक नागरिक से कम से कम 100 पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### जिला प्रशासन की अनूठी पहल, साइकिल और पदयात्रा से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



राजगढ़ में गंगा दशमी के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा विशेष जागरूकता पदयात्रा एवं साइकिल रैली आयोजित की गई। कार्यक्रम में विधायक अमर सिंह यादव, जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार बड़ी सं या में शामिल हुए। इस अभिनव आयोजन में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पेट्रोल-डीजल के न्यूनतम उपयोग और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। विधायक अमर सिंह यादव एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ.गढ़पाले ने स्वयं साइकिल चलाकर पूरे काफिले का नेतृत्व किया, जबकि कई अधिकारी ई-वाहनों से यात्रा में शामिल हुए। पारायण चौक से प्रारंभ हुई यह जागरूकता यात्रा नेवज नदी तट पर पहुंचकर श्रमदान के साथ संपन्न हुई, जहां सभी ने मिलकर नदी किनारे साफ-सफाई कर कचरा निष्पादन किया और नदियों को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वच्छता और जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। दोनों आयोजनों ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही सफल होने वाला सामाजिक संकल्प है।

कार्यक्रम में मंत्री पंवार ने शामिल होकर की पूजा-अर्चना

## गंगा दशहरा महोत्सव : शहर में निकाली गंगा मैया की पालकी



**जागरण, ब्यावरा**

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर गंगा दशहरा महोत्सव के तहत सोमवार को मां गंगा मंदिर परिसर, नवीन दशहरा मैदान ब्यावरा में भव्य धार्मिक आयोजन एवं पालकी यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। आयोजन में बड़ी सं या में श्रद्धालु, मातृशक्ति, युवा एवं धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा के अभिषेक, हवन एवं पूजन से हुई। इसके बाद सायंकाल मां गंगा की भव्य पालकी यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य एबी रोड, पीपल चौराहा, मुख्य बाजार, गांधी चौक, सुभाष चौक, आर्य समाज चौक एवं अहिंसा द्वार होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान दीप स्तंभ प्रज्वलन, महाआरती एवं प्रसादी वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मंत्री नारायण सिंह पंवार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मां गंगा मैया की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मंदिर परिसर में प्रस्तावित निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन भी किया।

मां गंगा मंदिर सेवा परिवार ब्यावरा द्वारा आयोजित इस महोत्सव में पूरे नगर का भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। आयोजन समिति ने बताया कि मां गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन चेतना की जीवनधारा हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समिति ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### रक्तदान शिविर आज

**राजगढ़।** सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि गर्मियों के मौसम में ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 26 मई को जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में प्रातः10 बजे से विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

## न्यूज कार्नर

### खेत की नाली को लेकर विवाद, युवक से मारपीट

**कुरावर।** थाना कुरावर क्षेत्र के ग्राम लुलाखाल में खेत की नाली को गहरा करने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना रविवार सुबह करीब 8.45 बजे की बताई जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी इमरान पिता शाहिद खां, निवासी लुलाखाल अपने खेत के पास मौजूद था। इसी दौरान खेत की नाली को पोकलेन मशीन से गहरा करने को लेकर आरोपी पक्ष से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। फरियादी का आरोप है कि राजेश सैनी पिता जयराम सैनी एवं दुर्गाप्रसाद सैनी पिता कैलाश सैनी निवासी लुलाखाल सहित अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की। घटना में इमरान के पैर में चोट आई, जिससे वह घायल हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी का खुलासा आरोपी गिरफ्तार चोरी की रकम बरामद

**ब्यावरा।** बोड़ा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के आरोपी को गिर तार कर चोरी की गई पूरी राशि 50 हजार रुपए बरामद कर ली है। थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस मामले का सफल खुलासा किया।

पुलिस के अनुसार फरियादी ज्योति सासी, निवासी हुलखेड़ी ने 9 मई 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 मई को दोपहर करीब 1.30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति विनायक होटल बोडा से उनकी पॉलीथीन में रखे 50 हजार चोरी कर ले गया। रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्ध की पहचान कर संदीप पिता ओमप्रकाश सासी (24 वर्ष) निवासी कडियासासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने विनायक होटल से 50 हजार चोरी करना स्वीकार कर लिया और चोरी की गई पूरी राशि पुलिस के समक्ष पेश कर दी।

**दैनिक जागरण**

समाचार व फोटो निम्न मेल पर भेजे।

jagranbiaora@gmail.com

94250-22183

E- पेपर के लिए इस साइट पर जाए www.dainikjagranmpcg.com

-: जिला कार्यालय :-

रोकस काम्प्लेक्स, पुराना अस्पताल परिसर, ब्यावरा (राजगढ़)

प्रशासन की अनदेखी से बढ़ रही लोगों की परेशानी

## शहर में भारी वाहनों के प्रवेश से लगा जाम





**जागरण, ब्यावरा**

शहर में भारी वाहनों के प्रवेश से लगातार जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को हाट-बाजार का दिन होने के बावजूद शहर के बीचोंबीच भारी ट्राला प्रवेश कर गया, जिससे बस स्टैंड से लेकर पीपल चौराहा और पीपल चौराहे से इंदौर नाके तक लंबा जाम लग गया। बताया जा रहा है कि ट्राले में भारी एलएम मशीन (पोकलेन) लोड थी, जिसके कारण वाहन बेहद धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। संभावित दुर्घटना से बचने के लिए ट्राला चालक सावधानीपूर्वक वाहन चला रहा था, लेकिन इसकी वजह से पीछे चल रहे चार पहिया, दोपहिया वाहनों के साथ-साथ पैदल राहगीरों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी।

हाट-बाजार के दिन शहर में पहले से ही यातायात का दबाव अधिक रहता है। ऐसे में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक या वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं होने से स्थिति और बिगड़ गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह के भारी वाहनों के लिए शहर के बाहर से बायपास मार्ग तय किया जाना चाहिए, ताकि मुख्य बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या से राहत मिल सके। चिंता की बात यह रही कि पूरे घटनाक्रम के दौरान न तो पुलिस विभाग ने हस्तक्षेप किया और न ही नगर प्रशासन का कोई अधिकारी मौके पर नजर आया। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर समयबद्ध नियंत्रण लगाया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।



## ग्राम चौपाल में पुलिस ने दी सड़क सुरक्षा और साइबर जागरुकता की जानकारी

**जागरण, कुरावर।** क्षेत्र अंतर्गत रविवार रात ग्राम बिजोरी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील की गई। साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। ग्रामीणों को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी देते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, लिंक और डिजिटल ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा एवं महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम को लेकर भी विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा सड़क दुर्घटना पीड़ितों के उपचार के लिए संचालित मुख्यमंत्री कैशलेस उपचार योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी स्कीमों की जानकारी देकर ग्रामीणों को उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों को कानून व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा एवं सामुदायिक सहयोग बनाए रखने संबंधी आवश्यक समझाइश दी गई। ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए, जिनके समाधान का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया।

## 35 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन शुद्धि के तहत थाना भोजपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 35 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार 24 मई को थाना प्रभारी भोजपुर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पिपल्दी स्थित रेलवे अंडरब्रिज के नीचे दो व्यक्ति अवैध स्मैक के साथ खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखकर दोनों आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ लिया।

**दोनों आरोपियों से 35 ग्राम स्मैक बरामद :** गिरफ्तार आरोपियों में हजारीलाल पिता देवीलाल तंवर (30 वर्ष) निवासी ग्राम खाजली, थाना भोजपुर तथा लालसिंह पिता देवीलाल तंवर (45 वर्ष) निवासी ग्राम गुंदीपुरा, थाना भोजपुर शामिल हैं। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से कुल 35 ग्राम अवैध स्मैक जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना भोजपुर में एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## जल गंगा संवर्धन : छापीबांध पर की साफ-सफाई



**जागरण, जीरापुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सोमवार को नगर परिषद जीरापुर द्वारा नगर के छापीबांध घाट की साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जल स्रोत जैसे कुआ, बावड़ी, नदी, तालाब आदि के रख रखाव साफ-सफाई एवं संरक्षण करना है। नगर परिषद जीरापुर द्वारा सोमवार को क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, उपाध्यक्ष हेमंत जोशी, पार्षद गिरिराज जुलानिया, शिवचरण मंडलोई, कुशल कुशवाह, कमल झावा, रवि भावसार, राधेश्याम पुरविया, धीरपसिंह चौहान एवं चंद्रकला चौहान आदि जनप्रतिनिधि व कर्मचारियों ने छापीबांध घाट की सफाई कर श्रमदान किया गया और आम नागरिकों को भी जल स्रोत की साफ-सफाई उनके रखरखाव और संरक्षण के लिए संदेश दिया गया। इस अवसर पर सीएमओ हरिओम शर्मा, उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, रमेश मालवीय, कमल भावसार, प्रवीण शर्मा, भगवान सिंह परिहार, आजाद जावा, मोहनलाल जावा, राजेश जावा, सुनील नागर, राकेश मंडलोई आदि अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इसी दिन गंगा दशहरा के पावन अवसर पर शाम 7 बजे छापीबांध घाट पर गंगा माता की महाआरती एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया।

## जनगणना से वंचित नागरिकों के लिए लगाए विशेष कैंप

**ब्यावरा।** भारत सरकार द्वारा देशभर में नागरिकों के मकान सूचीकरण एवं जनगणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक कराया जा रहा है। यह कार्य नियुक्त प्रगणकों द्वारा घर-घर पहुंचकर किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक परिवार की सही जानकारी दर्ज की जा सके। हालांकि यदि किसी कारणवश किसी परिवार की जनगणना अब तक नहीं हो पाई है, तो ऐसे नागरिकों की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष कै प लगाए गए हैं। यहां पहुंचकर नागरिक अपने परिवार की जनगणना आसानी से करवा सकते हैं। इसके अलावा जिन लोगों के लिए मतदान केंद्र तक पहुंचना संभव नहीं है, वे निर्धारित मोबाइल नंबरों पर सूचना देकर भी अपनी जनगणना सुनिश्चित कर सकते हैं। सूचना मिलने पर संबंधित प्रगणक स्वयं घर पहुंचकर जनगणना की प्रक्रिया पूरी करेंगे। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें।

## साधु संत की सुरक्षा को लेकर दिया ज्ञापन



**जागरण, सारंगपुर**

विहाररत जैन साधु.संतों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्थाए राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति एवं आर्थिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच की माँग सकल जैन समाज के तत्वाधान में सभी लोग श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पर एकत्रित हुए वहां से मोन रैली के रूप में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचे और समस्त जैन समाज ने ज्ञापन दिया। जैन समाज अत्यन्त दुःख एवं गहरी वेदना के साथ आपका ध्यान हाल ही में विहाररत पूज्य आर्थिका माताजी के साथ हुई अत्यन्त दुखद घटना की ओर आकर्षित करना चाहते हैंए जिसमें संघ की पूज्य आर्थिकाओं का असामयिक निधन हो गया। यह घटना केवल एक सामान्य सड़क दुर्घटना प्रतीत नहीं होती। उपलब्ध तथ्योंए वीडियो क्लिपों एवं परिस्थितियों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ हैं। अतः इस सम्पूर्ण प्रकरण की निष्पक्षए पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जाँच अत्यन्त आवश्यक हैं। जैन साधु.संत पूर्णतः निहत्थेए अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या भौतिक सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांमतए संयमए करुणा और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। ऐसे संतों के साथ निरंतर बढ़ती दुर्घटनाएँ एवं हमले सम्पूर्ण समाज के लिए अत्यन्त चिंताजनक विषय हैं जैन समाज ने निम्न मांगे रखी। घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच की जाए है इस प्रकरण की एसआईटी अथवा न्यायिक जाँच कराई जाए। दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

**प्रदर्शन** प्रशासन ने सूचना लगते ही मौके पर जाकर आधे घंटे में खुलवाया जाम

## नीलामी समय पर नहीं होने से किसानों ने लगाया जाम



**जागरण, नरसिंहगढ़**

कृषि उपज मंडी में सोमवार को समय पर मंडी व्यापारियों द्वारा नीलामी नहीं किए जाने एवं नगद भुगतान नहीं मिलने से नाराज किसानों ने अचानक नेशनल हाईवे-46 को घेरकर दोनों ओर का रास्ता बंद कर चक्काजाम किया। किसानों ने मंडी व्यवस्था के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। व्यापारियों द्वारा बताया गया कि सभी बैंकों द्वारा कैसे भुगतान नहीं दिए जाने से हम किसानों को नगद भुगतान करने में असमर्थ है तथा आरटीजीएस के माध्यम से हम भुगतान करेंगे तथा जितना हो सकेगा उतना नगद भुगतान करेंगे। नकद भुगतान व्यवस्था प्रभावित होने के कारण किसानों को नगद राशि नहीं मिल पा रही जिससे किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और लगभग आधे घंटे तक नेशनल हाईवे-46 जाम रहा जिसके चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर एसडीएम सुशील कुमार, तहसीलदार विराट अवस्थी, थाना प्रभारी गूंजा सोलंकी, मंडी सचिव, मंडी व्यापारी एवं पुलिस टीम मौजूद रही। प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया और जाम खुलवाया गया।

किसानों का कहना है कि समय पर भुगतान नहीं मिलने से वे परेशान हैं और मजबूरी में अपना अनाज मंडी में बेच रहे हैं। वहीं मंडी व्यापारी ने बताया कि सभी बैंको द्वारा केश भुगतान करने से मना किए जाने से किसानों को नगद भुगतान नहीं किया जासकता अब आरटीजीएस के माध्यम से किसानों को भुगतान किया जाना हमारी मजबूरी है भुगतान प्रक्रिया प्रभावित होने से व्यापारिक कामकाज पर असर पड़ा है। दूसरी तरफ किसानों का कहना है कि शासन-प्रशासन किसानों की स्थिति को समझे और उनके हितों का ध्यान रखते हुए बैंकों से नगद भुगतान कराने की व्यवस्था करे। किसानों ने आगे कहा कि सोसायटी में अनाज न देकर मजबूरी में मंडी में बिक्री कर रहे हैं। ऐसे में समय पर किसानों को नगद भुगतान मिलना चाहिए। साथ ही वर्तमान समय पर नीलामी व्यवस्था सुचारु रहना बेहद जरूरी है।

### इनका कहना है

कल मंडी नीलामी बंद की घोषणा की गई है व्यापारी से बैठकर चर्चा की जाकर बीच का रास्ता निकाला जाएगा, मंडी नीलामी प्रक्रिया पुनः प्रारंभ होगी।

**मंडी प्रशासन, नरसिंगढ़**

## गंगा दशहरे पर निकली जल कलश यात्रा, जल संरक्षण का दिया संदेश



**जागरण, कुरावर**

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था श्री गुरुजी सेवा समिति कुरावर द्वारा नगर पालिका परिषद एवं गायत्री परिवार के सहयोग से जल कलश यात्राए जल स्रोत पूजनए संवाद कार्यक्रम एवं श्रमदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण में गंगा आरती एवं कलश पूजन के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता से भव्य जल कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई निर्धारित जल स्रोत तक पहुंचीए जहां विधि.विधान से जल स्रोत का पूजन किया गया। इसके पश्चात गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पवार ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए जल संरक्षण एवं प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। विकासखंड समन्वयक खजान सिंह ठाकुर ने भी अभियान की उपयोगिता बताते हुए जनसहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में नगर पालिका सीएमओ लीलाधर सेनए नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती बादाम चंद्रवंशीए कैलाश राजए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश जागीरदार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### आवास नगर में पागल कुत्ते का आतंक



**देवास।** नगर निगम द्वारा लगातार सड़क पर घूमने वाले कुत्तों को पकड़ने के लिए मुहिम चलाने का दावा किया जा रहा है, किंतु फिर भी देवास शहर की कई कालोनियों में अभी भी आवारा कुत्तों की भरमार है। आवास नगर में तो एक सफेद कुत्ता पागल हो गया है, जिसने पिछले एक-दो दिन में 20 से अधिक लोगों पर हमला किया है। जिनका उपचार जिला अस्पताल में कराया गया। रविवार को इस कुत्ते ने आवास नगर के डी सेक्टर में जमकर आतंक मचाया और कई राहगीरों को काटा, जिससे वे लहूलुहान हो गए। इसके बाद क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राज वर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों को इस मामले से अवगत कराया। साथ ही पार्षद प्रतिनिधि ने स्थानीय नागरिकों को साथ लेकर रात करीब 1 बजे तक पागल कुत्ते को खोजने का प्रयास किया, किंतु वह नहीं मिला। सोमवार सुबह नगर निगम की गैंग ने कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया, जिसमें 20 कुत्तों को पकड़ लिया, किंतु वह पागल कुत्ता नगर निगम की गैंग की गिरफ्त से दूर है। सोमवार की शाम तक नगर निगम की गैंग उसे पकड़ नहीं पाई थी।

### ट्रेनिंग पूरी कर लौटे दो भाइयों का स्वागत



**सोनकच्छ।** क्षेत्र के ग्राम भागसरा निवासी दो भाईयों का मध्य प्रदेश पुलिस में चयन होने के बाद पहली बार गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। गजराजसिंह सेंधव के पुत्र राजपाल व राजकुमार सेंधव का मध्य प्रदेश पुलिस में चयन हुआ। जिनका रविवार को पहली बार गांव पहुंचने पर गांव के भेरु महाराज के यहां से उनके निवास स्थान तक जुलूस निकाला गया। पूर्व सरपंच बाबूलाल धाकड़, सरपंच दिलीप धाकड़, पिंकेश धाकड़, कमलसिंह धाकड़, जितेन्द्रसिंह धाकड़ आदि ने दोनो भाईयों का स्वागत किया। अंत में आभार सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह धाकड़ ने माना।

### अनाधिकृत रूप से बिजली चलाते पाए गए पूर्व बीएमओ, बनाया पंचनामा

**सोनकच्छ।** सिविल अस्पताल में बने शासकीय क्वार्टर में रह रहे दो लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से बिजली का उपयोग करने का मामला सामने आया है। सोमवार को विद्युत मंडल द्वारा अस्पताल में पहुंचकर जांच करते पाया गया कि पूर्व बीएमओ राकेश सिंह द्वारा पोस्टमार्टम कक्ष की केबल से अनाधिकृत रूप से कनेक्शन लेकर बिजली की चोरी की जा रही थी। इसी प्रकार ड्रेसर विजय चांदोलकर द्वारा पड़ोस के क्वार्टर से अनाधिकृत रूप से तार खींचकर बिजली का उपयोग किया जा रहा था। विद्युत मंडल के कनिष्ठ यंत्री टी.पी. सिंह ने बताया कि फिलहाल दोनों मामलों में पंचनामे बनाए गए हैं। शीघ्र ही संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर आगामी कार्यवाही की जाएगी। कनिष्ठ यंत्री के अनुसार चांदोलकर को नियम विरुद्ध बिजली कनेक्शन देने वाले उपभोक्ता पर भी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि पूर्व बीएमओ सिंह प्रशासनिक प्रक्रिया के चलते कुछ माह पूर्व ही निलंबित भी किए जा चुके है।

### नेमावर में चला गंगा संवर्धन स्वच्छता अभियान

**खातेगांव।** गंगा दशमी के पावन अवसर पर गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार प्रातः 7 बजे नेमावर घाट पर वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का नेतृत्व खातेगांव एसडीएम प्रवीण प्रजापति ने किया। अभियान में मां नर्मदा स्वच्छता वाहिनी खातेगांव की टीम तथा नगर पंचायत नेमावर के सीएमओ एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप से भाग लिया। सभी ने घाट क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान घाट परिसर में फैले कचरे को हटाया गया तथा श्रद्धालुओं एवं दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन में डॉ. विनोद यादव, संतोष जाट, कृष्णा जाट, गोपाल सोनी, धर्मेंद्र कुमार मौर्य, गजानंद यादव, अरुण शर्मा, मनोज उपाध्याय, जगदीश परमार, प्रमोद उपाध्याय, बंटी दरोगा आदि उपस्थित थे।

# देवास में अनोखी ठगी : बिना दुल्हन के लौटे 42 दूल्हे

**बारात व रिश्तेदारों के साथ आए थे दुल्हे, क्लब ग्राउंड राधागंज में देर रात तक चलता रहा हंगामा**

### सभी को अनाथ आश्रम की लड़कियों से विवाह करवाने का दिया था प्रलोभन



इस तरह के फोटो दिखाए गए थे



**देवास।** देवास शहर में रविवार को एक अनोखी ठगी का सनसनीखेज मामला देखने को मिला, जिसमें 42 दूल्हों को बगैर शादी के ही बैरंग लौटना पड़ा, क्योंकि न तो मौके पर आयोजक आए और ना ही विवाह समारोह के आयोजन का कोई ताम-झाम दिखाई दिया। लिहाजा रात करीब 11 बजे तक हंगामा चलता रहा और फिर बीएनपी थाना पुलिस ने एक फरियादी की रिपोर्ट पर महिला सहित 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए दो आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। जबकि दो आरोपियों की तलाश की जा रही है। फरियादी अभिषेक वर्मा निवासी ग्राम जमोनिया जिला सीहोर ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले उसके व अन्य लोगों के संपर्क में सुनीता बैरागी और उसका पति मुकेश दास बैरागी दोनों निवासी शमशाबाद जिला विदिशा आए और उन्होंने बताया कि सुनीता का देवर दिनेश दास बैरागी व पिता नरसिंहदास बैरागी इंदौर में रहते है और उनका मातृ कृपा नामक अनाथ आश्रम में संपर्क है। उसी आश्रम की लड़कियों से शादी कराने के लिए लड़कों की आवश्यकता है और शादी कराने के नाम पर 20 से 25 हजार रुपये शुल्क लिया गया। बैरागी दंपति ने चित-परिचित लोगों से संपर्क कर शुजालपुर, सीहोर, विदिशा, खजुराहो, भोपाल के कई ग्रामीण क्षेत्र में अपना जाल फैलाया और 42 परिवारों के कुंवारे लड़कों को आकर्षक युवतियों के फोटो मोबाइल पर दिखाकर शादी के लिए तैयार किया। इन्हें बताया गया कि सभी लड़कों का विवाह 25 मई को देवास के राधागंज स्थित क्लब ग्राउंड में कराया जाएगा। इससे पहले चामुण्डा माता मंदिर पर दर्शन कराए जाएंगे। इस आयोजन के लिए 24 मई को आना पड़ेगा और प्रत्येक दुल्हे से 20 से 25 हजार रुपये शुल्क के रूप में वसूले गए। इसके बाद 42 दुल्हे 50 से अधिक चार पहिया वाहनों में सवार होकर बारात के रूप में 24 मई की दोपहर करीब 3 बजे देवास आ गए। यहां पर सुनीता व उसका पति मुकेश दास बैरागी भी मिल गए और फिर सभी टेकरी गए, जहां चामुण्डा माता के दर्शन करने के बाद लगभग 5 बजे सभी लोग राधागंज स्थित क्लब ग्राउंड पहुंचे, जहां पर सन्नाटा छाया हुआ था। न वहां पर विवाह समारोह का कोई आयोजन दिखाई दिया और ना ही कोई टेंट आदि की व्यवस्था थी और ना ही वहां पर आयोजक मौजूद थे। यह नजारा देखकर दुल्हे व उनके परिजनों को समझ आ गई कि उनके साथ ठगी हो गई है और मामला हंगामे में बदल गया।

### रात 9 बजे बारातियों का टूटने लगा सब्र

मौके पर मौजूद बैरागी दंपति पर जब दुल्हे व उनके परिजनों ने दबाव बनाया तो शाम 5 बजे से लेकर रात 9 बजे तक वे दोनों बोलते रहे कि उनका भाई दिनेश दास बैरागी व नरसिंह दास बैरागी लड़कियों को लेकर देवास आ रहे है और कुछ देर तक उनकी फोन पर बात चलती रही, किंतु बाद में दिनेश दास ने फोन बंद कर लिया और रात 9 बजे तक इंतजार करने के बाद जब सभी उम्मीद टूट गई तो बारातियों का सब्र भी जवाब दे गया। जब मामला गरमाने लगा तो इस बात की जानकारी मीडिया तक पहुंची और मीडिया ने पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया और टीआई प्रीति कटारे को इस बात की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बीएनपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बैरागी दंपति को हिरासत में ले लिया। देर रात करीब 12 बजे फरियादी अभिषेक वर्मा निवासी जमोनिया जिला सीहोर की रिपोर्ट पर सुनीता बैरागी, मुकेश दास बैरागी, दिनेश दास बैरागी व नरसिंह दास बैरागी निवासी शमशाबाद विदिशा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत प्रकरण दर्ज कर सुनीता व मुकेश दास को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया। जबकि दिनेश व नरसिंह दास की तलाश शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी मोबाइल बंद करके फरार हो गए है। एक अनुमान के अनुसार इस गिरोह ने शादी का झांसा देकर करीब 250 लोगों के साथ ठगी है। इस मान से इन लोगों ने करीब 50 लाख रुपये का चूना लगाया है।



मुकेश दास बैरागी एवं सुनीता बैरागी

### जब सपने टूटे तो दूल्हों की आंखे हो गई नम

ठगी के शिकार हुए कई दुल्हे उम्रदराज भी हो चुके थे और उनकी उम्मीद ही टूट गई थी कि कभी उनकी भी बारात जाएगी, किंतु इस ठग गिरोह ने ऐसे दुल्हों को भी सपने दिखा दिए थे। इसके बाद वे बेचारे खुश होकर अपनी बारात लेकर देवास पहुंचे थे। जब उन्हें पता चला कि उनके साथ धोखाधड़ी हो गई है तो विवाह नही होने के कारण वे न सिर्फ मायूस हो गए, बल्कि कई दुल्हों की आंखें भी नम हो गई और बेचारे बगैर दुल्हन के ही वापस घर लौट गए।

### संभवतः पहला ऐसी धोखाधड़ी का मामला

सामूहिक रूप से विवाह समारोह आयोजित कर धोखाधड़ी करने का संभवतः यह प्रदेश का पहला मामला है, जिसमें इतनी बड़ी संख्या में दुल्हों को ठगा गया है। इससे पहले एक-दो परिवारों को ठगने के मामले आते रहे है। बताया जा रहा है कि बैरागी दंपति ने एक ही लड़की के फोटो 10-10 परिवारों को भेज कर शादी कराने का लालच दिया था। लड़कियों के आकर्षक चेहरे देखकर कई परिजनों ने बगैर जांच-पड़ताल किए रिश्ते तय कर दिए थे।



## तालाबों में अवैध खनन का आरोप, जांच की मांग तेज

**देवास।** जिले की देवास तहसील अंतर्गत अखेपुर, गाजनोदखेड़ा, साजनोदखेड़ा, नावदाखेड़ी, चौबापिपल्या, कराड़िया, मिर्जापुर और राघोगढ़ सहित कई गांवों के तालाबों में बड़े पैमाने पर अवैध खनन किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में लगी पीडी अग्रवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा तालाबों से भारी मात्रा में मिट्टी और मुरम का उत्खनन किया गया, जिससे कई तालाबों की प्राकृतिक संरचना और जल संग्रहण क्षमता प्रभावित हुई है। जानकारी के अनुसार अखेपुर तालाब पर मीडिया टीम पहुंची तो मौके पर पोकलेन मशीन, जेसीबी और डंपरों से खनन कार्य जारी मिला। टीम द्वारा वीडियो रिकार्डिंग शुरू किए जाने के बाद मशीनों और वाहनों को मौके से हटाया गया। कंपनी के कर्मचारियों ने अधिकारियों और ग्राम पंचायत की अनुमति से कार्य किए जाने की बात कही, लेकिन मौके पर कोई वैध अनुमति दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। गौरतलब है कि इसी कंपनी पर इंदौर जिले के तेजाजी नगर क्षेत्र के माचला और मोरोद गांव के तालाबों में अवैध खनन को लेकर कार्रवाई हो चुकी है, जबकि अन्य मामलों की सुनवाई न्यायालय में लंबित बताई जा रही है।

## अमलतास में अब बच्चों और नवजातों की होगी जटिल सर्जरी

**देवास।** चिकित्सा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहे अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई है। अस्पताल के सुप्रसिद्ध बाल रोग शल्य चिकित्सक डॉ. विनोद राज ने मध्य भारत के चिकित्सा जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वे मध्य भारत के पहले ऐसे पीडियाट्रिक सर्जन बन गए हैं, जिन्होंने लेप्रोस्कोपिक सर्जरी एवं रोबोटिक सर्जरी दोनों ही अत्याधुनिक विधाओं में औपचारिक फेलोशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया है। चिकित्सा जगत में इस दोहरे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण को बच्चों के उपचार के लिए एक बड़े मील का पत्थर के रूप में देखा जा रहा है। मध्य भारत में अब तक इन दोनों आधुनिक विधाओं में प्रमाणित फेलोशिप रखने वाले विशेषज्ञ बाल सर्जनों की कमी के कारण जटिल मामलों में मरीजों को मुंबई या दिल्ली जैसे महानगरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा अमलतास अस्पताल में सुलभ होगी। डॉ. विनोद राज द्वारा प्राप्त यह विशेष प्रशिक्षण बच्चों एवं नवजात शिशुओं में होने वाली जटिल और गंभीर बीमारियों के इलाज में गेम-चेंजर साबित होगा। आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अब नवजातों में होने वाली जटिल जन्मजात विकृतियों, पेट, छाती व मूत्र रोग से जुड़ी गंभीर समस्याओं और ट्यूमर आदि का उपचार बेहद सूक्ष्म, सटीक और सुरक्षित तरीके से किया जा सकेगा। अमलतास संस्था के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने अपने संदेश में कहा अमलतास अस्पताल का सदैव यह प्रयास रहा है कि अंचल के मरीजों को देश की सबसे आधुनिक और बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएं। डॉ. विनोद राज की यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि हमारे इसी संकल्प का हिस्सा है। अब मध्य भारत के किसी भी गरीब या मध्यमवर्गीय परिवार को अपने बच्चे की जटिल सर्जरी के लिए बाहर भटकना नहीं पड़ेगा, अमलतास में उन्हें बेहद किफायती दरों पर यह विश्वस्तरीय तकनीक उपलब्ध होगी।



## सोनकच्छ सिविल अस्पताल में डिलीवरी के नाम पर अवैध वसूली, कर्मचारी के निलंबन की उठी मांग



**सोनकच्छ।** लगातार अव्यवस्थाओं, मनमानी और भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में रहने वाला सिविल अस्पताल एक बार फिर चर्चा में है। इस बार मामला रुपये के लेन-देन का है। शनिवार को मेटरनिटी वार्ड में एक महिला वार्ड बॉय द्वारा प्रसूताओं के परिजनों से डिलीवरी के नाम पर पैसे वसूले जाने का खुलासा हुआ। बताया जाता है कि यहां लड़की होने पर 1500 और लड़का होने पर 2000 रुपये से अधिक की वसूली की जाती है। मामला शनिवार रात का है, जिसमें दो प्रसूताओं के परिजनों से डिलीवरी के नाम पर साढ़े तीन हजार रुपये वसूले गए। जानकारी के अनुसार रीना पति अरुण प्रजापत निवासी सोनकच्छ से 1500 रुपये और रोशनी पति रवि वर्मा निवासी ग्राम मऊ से 2000 रुपये वार्ड बॉय प्रियंका चौहान द्वारा वसूले गए। मामले की शिकायत पर रोगी कल्याण समिति के सदस्य नरेंद्र मेहता साथियों के साथ सिविल अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए वार्ड बॉय को प्रसूताओं को तुरंत राशि लौटाने का निर्देश दिया। इसके बाद वार्ड बॉय ने प्रसूताओं को रुपये वापस कर दिए। इस दौरान बीएमओ अनिल राव भी मौके पर उपस्थित थे। पूरे घटनाक्रम का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में वार्ड बॉय स्पष्ट कहती दिखाई दे रही है कि उसके द्वारा वसूली जाने वाली राशि अन्य लोगों तक भी पहुंचती है। यदि वार्ड बॉय की यह बात सही है, तो घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर भ्रष्टाचार में लिप्त अन्य लोगों के नामों का खुलासा होना चाहिए।

**वार्ड बॉय** ने पैसे लिए थे। जानकारी लगते ही मैं अस्पताल पहुंचा था। पैसे वापस करवा दिए हैं। ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वार्ड बॉय की सेवा समाप्ति के लिए प्रतिवेदन बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा।

**अनिल राव**
**बीएमओ, सिविल अस्पताल**

## कलेक्टर-एसपी ने किया राहवीरों को सम्मानित

### हिट एंड रन योजना अंतर्गत 68 परिवारों को 61 लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में राहवीर योजना के अंतर्गत गोल्डन ऑवर में घायलों की मदद कर अस्पताल में घायलों पहुंचाने वाले नागरिकों को सम्मानित कर प्रशंसा पत्र एवं 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी तथा पीएम राहत योजना-2026 और हिट एंड रन योजना अंतर्गत राहत राशि वितरित की। कार्यक्रम में घायलों की मदद करने वाले 3 राहवीरों का सम्मान कर प्रशंसा पत्र एवं 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। कार्यक्रम में बताया कि पीएम राहत योजना-2026 अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल 200 से ज्यादा नागरिकों का निःशुल्क उपचार हुआ है। पीएम राहत योजना के तहत 166 घायल निःशुल्क उपचार उपरांत स्वस्थ होकर घर लौटे है। हिट एंड रन योजना-2022 अंतर्गत 68 परिवारों को 61 लाख रूपये की राहत राशि प्रदान की गई। जिसमें 18 मृतक व्यक्तियों के परिजनों को 36 लाख रुपये एवं 50 घायल व्यक्तियों को 25 लाख रूपये की राहत राशि दी गई। कार्यक्रम में परिजनों ने अपनी आपबीती साझा की।

## संतों की सुरक्षा को लेकर समग्र जैन समाज ने उठाई आवाज, ज्ञापन सौंपा



**देवास।** रीवा में सड़क दुर्घटना में जैन साध्वियों की मौत को लेकर जैन समाज में गहरा आक्रोश और शोक व्याप्त है। समाजजनों ने इस घटना को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने तथा विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है। समस्त जैन समाज की ओर से जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री, गृह मंत्री एवं भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञापन में कहा गया कि जैन साधु-संत पूर्णतः अहिंसक, निहत्थे एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं, जो समाज को शांति, संयम और अहिंसा का संदेश देते हैं। ऐसे संतों के साथ लगातार बढ़ती दुर्घटनाएं और हमले गंभीर चिंता का विषय हैं। ज्ञापन में रीवा घटना की एसआईटी अथवा न्यायिक जांच कराने, घटना से जुड़े सभी सीसीटीवी फूटेज को सुरक्षित रखने तथा दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। जैन समाज ने विहाररत साधु-संतों की सुरक्षा के लिए संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की मांग करते हुए विहार मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण, चेतावनी संकेतक तथा हाईवे एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार से राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाने की मांग की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज की महिला एवं समाजजन उपस्थित थे।

## सतवास में बार-बार बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, ज्ञापन सौंपा



**सतवास।** ग्रामीण अंचल में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकेत के बैनर तले बिजली कटौती से परेशान किसानों और ग्रामीणों ने सतवास के विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार हरिओम ठाकुर एवं बिजली विभाग के अधिकारी बलराजशरण सिंह तिवारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि लोड सेटिंग के नाम पर गांवों में रात के समय कई बार बिजली कटौती की जा रही है, जिससे ग्रामीण परिवार, बच्चे और बुजुर्ग परेशान हो रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की रहेगी। बिजली विभाग के बलराजशरण सिंह तिवारी ने बताया कि वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश पर लोड मैनेजमेंट किया जाता है। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल जिनवाणी, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश बांगड़वा मसूरिया, पंकज गुर्जर, सचिन पटेल, दिनेश डाबरी, देवीलाल जाट, लक्ष्मीनारायण पटेल, भारत यादव, रघुनाथ सिंह खिरोदा, रोहित गुर्जर, अनिल यादव, आशीष पटेल आदि उपस्थित थे।

### मलखान गुर्जर को एक वर्ष के लिए किया जिलाबदर

**देवास।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋतुराज सिंह ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आरोपी मलखान पिता नेमीचंद गुर्जर उम्र 38 वर्ष निवासी बागली जिला देवास को लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलग्न होने, आमजन से मारपीट करना, लूट करना, एससी/एसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट, अवैध वसूली करना आदि कई संगीन के अपराध पंजीबद्ध होने पर एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया है।

## एक-एक बूंद का संरक्षण हम सभी का दायित्व : सिलावट

### जल गंगा संवर्धन अभियान का स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**देवास।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम देवास में मीठा तालाब पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस दौरान मीठा तालाब पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंत्री सिलावट ने कहा कि जल बचत और प्रबंधन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। जल संकट से निपटने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान बहुत आवश्यक है। जल की एक-एक बूंद का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। प्रदेश में 5 हजार से अधिक सरोवर बनाए गए हैं। जब यह तालाब भरेंगे तो भूमिगत जल बढ़ेगा। मंत्री सिलावट ने सभी से अनुरोध किया कि अभियान जन आंदोलन बनना चाहिए। जल स्त्रोतों के प्राकृतिक बहाव में बाधा बनने वाले हर छोटे-बड़े अतिक्रमण को तुरंत हटाना होगा। कार्यक्रम में सभी को जल शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, जिपं अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, दुर्गेश अग्रवाल, राजेश यादव, बहादुर मुकाती, भेरूलाल अटारिया, धर्मेंद्र सिंह बैस सहित कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, आयुक्त दलीप कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



## न्यूज कार्नर

### सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन ने मंदिर में कराया भोज



**जागरण अशोकनगर।** सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा तार वाले बालाजी व शनि देव मंदिर परिसर में श्रद्धालु पुरुषों,महिलाओं और कन्याओं के लिए भोज का आयोजन किया गया। संगठन की अध्यक्ष अंजना दुबे ने बताया कि संगठन द्वारा सतत रूप से सेवा कार्य किए जाते हैं। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अन्नदान महादान के संदेश को सार्थक करने के उद्देश्य से सभी जनों को भोजन कराया। यह भोज सेवा संगठन की अध्यक्ष अंजना दुबे की तरफ से समर्पित की गई थी। इस अवसर पर संगठन की मार्गदर्शिका डॉक्टर रजनी शुक्ला, उमा दुबे, उपाध्यक्ष रुचि शर्मा, सपना नायक, सरोज शर्मा, लता दुबे, मधु दुबे, अर्चना उपाध्याय, मोनिका शर्मा, सीमा शर्मा, रानी पाठक आदि उपस्थित रहीं।

### किसानों ने भुगतान की मांग को लेकर किया हंगामा

**अशोकनगर।** सोमवार को पुरानी गल्ला मंडी में नगद भुगतान को लेकर किसानों ने हंगामा कर दिया,इस कारण व्यापारियों ने डाक बोली बंद कर दी। पुरानी गल्ला मंडी में हुए हंगामे का असर नई गल्ला मंडी में भी हुआ। यहां भी डाकबोली बंद हो गई। हालांकि बाद में पुलिस के साथ बैंक अधिकारी भी पहुंचे और उन्होंने किसानों को समझाइस दीए जिसके बाद किसान भुगतान के दूसरे तरीकों से भी मान गए। तब जाकर गल्ला मंडी में डाकबोली प्रारंभ हुई। पुरानी गल्ला मंडी में सरसों, चना तथा मसूर की खरीद हो रही है जबकि नई गल्ला मंडी में गेहूं की डाक बोली हो रही है सोमवार को जब डाक बोली शुरू हुई तो किसानों ने व्यापारियों से नगद भुगतान की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि बैंक से व्यापारियों को नगद भुगतान नहीं किया जा रहा है एक व्यापारी को बमुश्किल दो-तीन लाख रुपये मिल रहे हैं जबकि डाक बोली अनाज खरीदने के लिए व्यापारियों को करीब 25 लाख से एक करोड़ तक की जरूरत पड़ती है ऐसे में दो-तीन लाख रुपये से कुछ भी नहीं हो पाता है लेकिन किसानों का कहना था कि हमें नगदी की आवश्यकता है। इस कारण हंगामा शुरू हो गया।

# रामायण पुस्तक नहीं मस्तिष्क है: रामहृदय दास

## वेदांत उत्सव भवन में रामायणी हृदयदास महाराज ने पुरुषोत्तम मास में रामकथा का सुंदर वर्णन किया

**जागरण अशोकनगर।**
पंडित रामहृदय दास जी महाराज द्वारा वेदांत उत्सव भवन में पुरुषोत्तम मास के प्रारंभ से रामकथा का लाभ स्थानीय लोगों को गुरु महिमा के साथ प्रारंभ कर आनंद रस की वर्षा कर प्रतिदिन लोगों को भाव के साथ रामकथा गुरु महिमा के साथ प्रारंभ कर रामायण पुस्तक नहीं मस्तिष्क है और वर्णित सभी काण्डों को शरीर की तरह वर्णन कर राम चरित मानस का महत्व बताया।

रामकथा में राम हृदय दास जी महाराज के शब्द ही संगीत हो जाते हैं और श्रोता उनके भावों में खोते हैं। राम वनवास एवं भरत ननिहाल से वापिस आने के बाद रामकथा में एक भावुक पल आया, जहां वक्ता एवं श्रोताओं के गले रुंदे हुए थे तत्काल हृदयदास जी महाराज ने मधुर-मधुर नाम सीताराम-सीताराम प्रसंग छेड़कर फिर से श्रोताओं को भाव के साथ राममय कर दिए। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि भगवान शिव ने श्रद्धा को गोद में





स्थान दिया है, श्रद्धा का सम्मान किया है। बिना श्रद्धा के कुछ नहीं होता, जिसमें श्रद्धा होगी उसमें भगवान दिखाई देगें। उन्होंने कहा कि भारत के और पाश्चात्य के प्रेम में अंतर है भारत के प्रेम में श्रद्धा है यह श्रद्धा ऐसी है कि अगर पति पत्नि के बीच कुछ हो जाता है तो पत्नि अपनी मांग में पति के नाम का सिंदूर लगाती है। गुरू के पास जब भी जाएं श्रद्धा के रूप में कुछ न कुछ लेकर जाएं, खाली हाथ न जाएं। श्रद्धा प्रकट होती है, पार्वती मैया को श्रद्धा कहा गया है, श्रद्धा अखण्ड बनी रहेगी। जब सदगुरू के चरणों में पहुंचा जाएगा सदगुरू स्वीकार कर लें वहीं श्रृद्धा है। उन्होंने कहा कि उत्तम शिष्य वह है जो कभी आशा न करे, अपेक्षा भरा जीवन कष्ट का कारण है, गुरू से कोई अपेक्षा न करे, गुरू को बंधंन में न रखें। शिष्य वह है जो गुरू को बंधन में न रखे, जिसने अपनी अपेक्षा को लेकर गुरू को बंधंन में डाला है वह शिष्य योग्य नहीं है। श्री रामायण कथा का आयोजन मलावनी के रघुवंशी परिवार सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह द्वारा क्षेत्र सुख-शांति,समाज की सुख-शांति एवं सभी रिश्तेदारों के लिए ईश्वर कृपा हेतु आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें दूर-दूर से लोग भक्तिमय होकर कथा श्रवण करने आ रहे हैं। इसी दौरान सुरेन्द्र मलावनी द्वारा परिवार के सभी लोगों को गुरु दीक्षा दिलवाकर गुरु चरणों में समर्पित करने की बात हृदयदास जी महाराज द्वारा व्यासपीठ से सभी शिष्यों की सुख-शांति शिष्य की व्यथा गुरु की कथा में सम्मिलित कर ली। गुरु द्वारा सभी श्रृद्धालुओं को गुरु महिमा के अनेक उदाहरण देकर लोगों को समझाया। कथा प्रसंग में प्रतिदिन गुरु पद रज मधु मजुंल अंजन। नयन अमिय-मृग दोष विभंजन।। आदि चौपाईयों को केन्द्र में लेकर प्रतिदिन गुरु महिमा का वर्णन कर श्रोताओं को कथा का लाभ दिलाया।

# धार्मिक यात्रा पर गया था परिवार चोरों ने उड़ाया लाखों का माल



**जागरण अशोकनगर।** ईसागढ़ रोड पर जिला जेल और पुलिस लाइन के पास एक घर में घुसकर अज्ञात चोर नगदी और जेवर चोरी कर ले गए हैं हालांकि परिवार के लोगों के धार्मिक यात्रा पर जाने के कारण कितने जेवर चोरी हुए हैं इसकी जानकारी नहीं लग सकी है। रामवीर सिंह रघुवंशी जेल के पास रहते हैं तीन-चार दिन पहले उनका पूरा परिवार 84 कोस की परिक्रमा के लिए मथुरा गया हुआ है सूने घर को देखकर चोरों ने बीती रात उनके घर पर धाबा बोल दिया और घर के बाहर की खिड़की तोड़कर एवं ग्रिल काटकर घर में घुस गए एवं अंदर के कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़ दिया। रामवीर सिंह के भाई ने बताया है कि पूरा परिवार बाहर है इस कारण कितने जेवर चोरी हुए हैं इसका पता नहीं लगा है लेकिन जेवर के डिब्बे खाली मिले हैं ढाई लाख रुपये नगद चोरी हुए हैं।

# भव्य चेतना कलश यात्रा निकाल महिलाओं ने दिया स्वच्छता एवं नगर विकास का संदेश



**जागरण ईसागढ़।** जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नगर विकास प्रस्फुटन समिति ईसागढ़ के तत्वाधान में सोमवार शाम भव्य चेतना कलश यात्रा एवं जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल मंदिर ईसागढ़ से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य यात्रा निकाली गई,जो नगर भ्रमण करते हुए पुनः अग्रवाल मंदिर पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। कलश यात्रा में महिलाओं ने पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में शामिल होकर धार्मिक आस्था,स्वच्छता,महिला सशक्तिकरण एवं नगर विकास का संदेश दिया। यात्रा के दौरान भक्ति गीतों एवं जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं ने नगरवासियों को स्वच्छता बनाए रखने, जल संरक्षण करने तथा सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में रीना साहू, संध्या सोनी, वंदना सोनी, अर्चना साहू, रानी शर्मा, प्रभा गोस्वामी, अंगूरी सेन एवं रेनू शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं अमित गोस्वामी, रवि केवट एवं अजय शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया।

# गंगा दशमी पर भुजरिया तालाब पर भव्य आयोजन, किया भूमिपूजन

**जागरण मुंगावली।**
सोमवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमी के पावन पर्व पर सुबह 9:30 बजे नगर के ऐतिहासिक भुजरिया तालाब पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जहां एक ओर महिलाओं द्वारा नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वहीं दूसरी ओर तालाब पर चुनरी अर्पण, विधि-विधान से पूजन,जलाशय परिक्रमा और श्रमदान किया गया। साथ ही तालाब परिसर में अतिथियों द्वारा भूमिपूजन भी किया गया।

**जल संकट से निपटने के लिए तालाब का गहरीकरण जारी:** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गर्मियों के मौसम में गहराते जलसंकट की समस्या को देखते हुए भुजरिया तालाब के गहरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य




आगामी वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक जल संचय करना और नगर के जलस्तर को सुधारना है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुविभागीय अधिकारी इसरार खान, नगर परिषद सीएमओ विनय कुमार भट्ट, अध्यक्ष प्रतिनिधि नीतू नरेश ग्वाल, सांसद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र दांगी, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष दीपक पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्वेता मनीष मोदी,मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र परिहार और जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विवेक यादव उपस्थित रहे,जिनके द्वारा भूमिपूजन संपन्न कराया गया। इसके अतिरिक्त इस भव्य आयोजन में महिला बाल विकास अधिकारी पुष्पा खेश, पंचायत इंस्पेक्टर बलदेवराम भगत, बीईओ श्यामबिहारी शर्मा सहित परिषद के पार्षदगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# आर्यिका माताजी हादसे की जांच के लिए सौंपा ज्ञापन



**जागरण मुंगावली।**
सकल जैन समाज मुंगावली द्वारा सोमवार को स्थानीय पुराने थाना परिसर में अनुविभागीय अधिकारी इसरार खान को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह,मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, जिला कलेक्टर एवं एसडीओपी सनम बी खान के नाम संबोधित इस ज्ञापन में जैन साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा हाल ही में विहार के दौरान हुई आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराने की पुरजोर मांग की गई है।

सौंपे गए ज्ञापन में समाज ने गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हाल ही में विहाररत पूज्य आर्यिका संघ के साथ हुई दुखद घटना में पूज्य आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया है। उपलब्ध तथ्यों,वीडियो क्लिपिंग और घटनास्थल की परिस्थितियों के आधार पर यह घटना सामान्य सड़क दुर्घटना प्रतीत नहीं होती।

**मौन रैली निकालकर जताया विरोध, दी श्रद्धांजलि:** ज्ञापन देने से पहले जैन समाज के आह्वान पर नगर में एक विशाल मौन रैली निकाली गई। यह रैली श्री राम लीला मंच से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों, पोस्ट ऑफिस चौराहा और जय स्तंभ चौराहा होते हुए पुराने थाना परिसर पहुंची। ज्ञापन सौंपने के पश्चात समस्त जैन समाज और उपस्थित नागरिकों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आर्यिका श्री श्रुतमति जी एवं आर्यिका श्री उपश मतिजी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**ज्ञापन में यह कि गई 5 प्रमुख मांगें:** जैन समाज ने प्रशासन और शासन के समक्ष मुख्य रूप से पांच मांगें रखी हैं जिनमें पूरे घटनाक्रम की जांच विशेष जांच दल न्यायिक आयोग से कराई जाए, देश भर में पैदल विहार करने वाले जैन संतों के लिए एक विशेष संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया जाए केंद्र व राज्य स्तर पर साधु-संतों के संरक्षण हेतु राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाई जाए, प्रशासन और जैन समाज के बीच समन्वय सेल का गठन हो तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाए।

### गंगा दशहरा पर सरजापुर में निकली कलश यात्रा

**शिवपुरी।** पोहरी तहसील के ग्राम सरजापुर में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भव्य कलश यात्रा और जल स्रोत पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। नव अंकुर संस्था सूर्योदय वेलफेयर सोसाइटी ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से यह आयोजन किया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा दुर्गा माता मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम सरजापुर स्थित किरण के कुएं पर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां जल स्रोत एवं घाट पूजन, मां गंगा की आरती और वटवृक्ष पूजा की गई। साथ ही पेड़ों को पानी देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा प्रत्येक परिवार से 10-10 पौधे लगाने और पानी को व्यर्थ न बहाने का संकल्प कराया गया। जनसहभागिता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती कृष्णा जाटव, सरपंच वीरेंद्र कुशवाहा, उपसरपंच तेज सिंह जाटव, ग्राम पंचायत सचिव सुरेश कुशवाहा, सूर्योदय वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष सूरज नारायण शर्मा सहित संस्था के सदस्य एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## जिला शिक्षा केंद्र में प्रतिनियुक्तियां समाप्त की गई

# 13 सीएसी और बीएसी पदों से हटे, मूल विभाग में भेजे गए

**जागरण, शिवपुरी।** जिला शिक्षा केन्द्र शिवपुरी ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए जनशिक्षक (सीएसी) और विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक (बीएसी) पदों पर पदस्थ 13 माध्यमिक शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी है। चार वर्ष की अवधि पूर्ण होने के बाद सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से मूल विभाग जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय शिवपुरी के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया है। आदेश जिला परियोजना समन्वयक दफेदार सिंह सिकरवार द्वारा कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक की स्वीकृति के बाद जारी किए गए।

जानकारी के अनुसार राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशों के तहत वर्ष 2022 में इन शिक्षकों की सेवाएं प्रतिनियुक्ति आधार पर ली गई थीं। अब निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद जिला शिक्षा केन्द्र ने उन्हें उनके मूल विभाग




में वापस भेजने की कार्रवाई की है। इस फैसले के बाद शिक्षा विभाग में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। सीएसी पद से हटाए गए शिक्षकों में इन्द्रपाल सिंह गौर, जो उच्च माध्यमिक विद्यालय मलावनी पिछोर में जनशिक्षक के रूप में पदस्थ थे, अरविन्द सिंह कुशवाह जनशिक्षक अटलपुर बदरवास, गौरव त्रिपाठी बालक कोलारस जनशिक्षक, प्रदीप कुमार नरवरिया जनशिक्षक खरई कोलारस, उत्तम कुमार सोनी जन शिक्षा केन्द्र कन्या खनियाधाना, सतीश कुमार गुप्ता जन शिक्षा केन्द्र चमरौआ खनियाधाना, रामलखन वर्मा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाजीगढ़ पोहरी, कौशल किशोर योगी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बैराड़ पोहरी, बलबीर सिंह तोमर शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय पोहरी तथा पुरुषोत्तम दास कोली शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करही नरवर शामिल हैं। वहीं बीएसी पद से हटाए गए अधिकारियों में सतेन्द्र जैन, जो जनपद शिक्षा केन्द्र खनियाधाना में पदस्थ थे, राजेश खत्री एवं दिनेश गुप्ता दोनों जनपद शिक्षा केन्द्र शिवपुरी में कार्यरत थे। जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि प्रतिनियुक्ति अवधि समाप्त होने के कारण संबंधित शिक्षकों और अधिकारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती हैं तथा उन्हें मूल विभाग में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। एक साथ 13 पदों पर प्रतिनियुक्ति समाप्त होने से विभाग में प्रशासनिक हलचल बढ़ गई है। अब इन रिक्त पदों पर नई प्रतिनियुक्तियों या नियुक्तियों की संभावनाएं भी तेज हो गई हैं।

# जैन साध्वी हादसे पर पोहरी में आक्रोश सकल जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन




**जागरण, शिवपुरी।** रीवा में जैन साध्वी के साथ हुई दर्दनाक दुर्घटना के विरोध में सोमवार को पोहरी में सकल दिगंबर जैन समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। समाजजन छोटे जैन मंदिर पर एकत्रित हुए और घटना पर गहरा दुख जताते हुए मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जैन संतों और साध्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। समाजजनों ने कहा कि रीवा में हुई घटना बेहद दुखद और चिंताजनक है। देशभर में पैदल विहार करने वाले साधु-संतों की सुरक्षा के लिए शासन को विशेष व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदर्शन के दौरान समाज के लोगों ने संतों के सम्मान और सुरक्षा को लेकर सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। समाजजनों का कहना था कि साधु-संत अहिंसा और धर्म का संदेश लेकर समाज में भ्रमण करते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई।

# पेपर लीक से टूट रहा युवाओं का भरोसा, शिवपुरी में छात्रों ने खोला मार्चा

**जागरण, शिवपुरी।** सोमवार को युवाओं ने शिक्षा व्यवस्था और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई। सोशल मीडिया पर चर्चित कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थन में आयोजित प्रेस वार्ता में युवाओं ने नीट पेपर लीक को देश के लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बताया और सरकार से जवाब मांगा।

प्रेस वार्ता में बिक्की यादव ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रही गड़बड़ियों से युवाओं का सिस्टम पर भरोसा कमजोर हो रहा है। नीट पेपर लीक जैसी घटनाएं उन छात्रों के साथ अन्याय हैं, जो वर्षों तक मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करना अब बेहद जरूरी हो गया है। युवाओं ने सरकार को याद दिलाया कि वर्ष 2024 में पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून बनाया गया था, जिसमें दोषियों के




लिए 10 साल तक की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद बार-बार सामने आ रहे मामलों से छात्रों में गहरा आक्रोश है। युवाओं ने मांग की कि नीट पेपर लीक से जुड़े सभी दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। प्रेस वार्ता में मध्यप्रदेश की नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए। युवाओं का कहना था कि भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोग किए जा रहे इस फॉर्मूले को अधिकांश छात्र समझ ही नहीं पाते, जिससे भ्रम और असंतोष बढ़ रहा है। इसे सरल और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। बिक्की यादव ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं की आवाज बन रही है और बड़ी संख्या में छात्र इससे जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी के फाउंडर अभिजीत द्वारा शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की गई है, जिसका वे समर्थन करते हैं। प्रेस वार्ता में पुष्पेंद्र, शैलेन्द्र और शिवराम भी मौजूद रहे।

### स्मार्ट बाजार का पनीर पड़ा भारी, पिता समेत दो बच्चों की बिगड़ी तबीयत




**जागरण, शिवपुरी।** शहर में महल रोड स्थित स्मार्ट बाजार से खरीदा गया पनीर एक परिवार के लिए मुसीबत बन गया। कथित तौर पर खराब पनीर खाने से पिता और उसके दो बच्चे फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद तीनों को अस्पताल ले जाना पड़ा। मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने कलेक्टर कार्यालय, खाद्य विभाग और कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुरानी शिवपुरी निवासी आशिफ खान ने बताया कि उन्होंने 21 मई को स्मार्ट बाजार से पनीर का पैकेट खरीदा था। घर पर उसी पनीर की सब्जी बनाई गई। खाना खाने के कुछ ही देर बाद आशिफ खान और उनके दोनों बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। तीनों को तेज उल्टी-दस्त शुरू हो गए, जिसके बाद परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के बाद तीनों की हालत में सुधार बताया जा रहा है, लेकिन परिवार ने सीधे तौर पर खराब पनीर को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है। आशिफ खान का आरोप है कि बाजार में खराब खाद्य सामग्री बेची जा रही है, जो लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है। सोमवार को पीड़ित परिवार बचा हुआ पनीर, पैकेट और सब्जी लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचा और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। खाद्य विभाग से पनीर और सब्जी के सैंपल की लेबोरेटरी जांच कराने की मांग की गई है।

# टीला में जुए के फड़ पर छापा, 6 जुआरी दबोचे

**जागरण, शिवपुरी।** कोलारस थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। ग्राम टीला में देर रात चल रहे जुए के फड़ पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपियों के कब्जे से 10 हजार 20 रुपये नगद और 52 पत्तों की ताश गड्डी जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया द्वारा जिलेभर में अवैध जुआ, सट्टा, शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी कोलारस संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कोलारस पुलिस ने यह कार्रवाई की।



पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम टीला में कुछ लोग रुपयों की हार-जीत का दांव लगाकर ताश से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान छह लोग अवैध रूप से जुआ खेलते मिले। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके से 10,020 रुपये नगद और ताश की गड्डी जब्त कर ली। थाना कोलारस पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बबलेश कुमार, सहायक उपनिरीक्षक अमृतलाल भिलाला, प्रधान आरक्षक रघुवीर सिंह, आरक्षक नरेश यादव, सुधीर सिंह गुर्जर, प्रमोद वर्मा, निर्मल बारेला, पुष्पेंद्र रावत, लालू प्रसाद यादव और चालक आरक्षक रनवीर सिंह यादव की अहम भूमिका रही।

# जागरण गुना

गुना, 26 मई 2026

चांचौड़ा - राघौगढ़

www.dainikjagranmpcg.com


### 23 मई तक स्लॉट बुक कराने वाले किसानों की खरीदी 28 मई तक

**गुना।** रबी उपार्जन 2026-27 के अंतर्गत जिले में किसानों से गेहूं उपार्जन का कार्य 28 मई 2026 तक किया जाएगा तथा उपार्जन समाप्त होने में अब केवल 3 दिन शेष हैं। जिन किसानों के स्लॉट 23 मई तक बुक हुए थे उनकी खरीदी 28 मई तक जारी रहेगी। जिले में कुल 12 हजार 356 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराए गए थे जिनमें से अब तक 8 हजार 752 किसानों ने गेहूं का विक्रय कर लिया है।

### युवक पर कांच की बोतल से हमला

**जागरण, इटारसी।** भारत माता चौराहा क्षेत्र में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक के साथ कांच की बोतल और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी अजय कुमार दुबे पिता सुरेश कुमार दुबे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभय, निवासी सरस्वती स्कूल के पास, मालवीयगंज इटारसी ने उसकी पत्नी को गालियां दीं, और कांच की बोतल से सिर एवं पीठ पर वार किया।

## न्यूज कॉर्नर

### आज गुना में रोजगार मेला निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनियां देंगी नौकरियां

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और जिपं सीईओ अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में 26 मई को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत विश्राम गृह (शुभ विदाई गार्डन) में युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी बी.एस. मीना ने बताया कि इस मेले में आकांक्षी युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर एक ही मंच पर मिलेंगे। मेले में फ्लिपकार्ट, अतुल ऑटो, और रायजोन सोलर सहित गुजरात, राजस्थान और एमपी की कई प्रतिष्ठित निजी कंपनियां साक्षात्कार के जरिए भर्ती करेंगी। इसमें 5वीं से लेकर स्नातक और आईटीआई पास युवा भाग ले सकते हैं। मेले में युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं, सीखो-कमाओ योजना, स्वास्थ्य, नशामुक्ति और वित्तीय साक्षरता का मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक निर्धारित गूगल लिंक पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हुआ आर्यन का चयन

**गुना।** जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सदस्य आर्यन शर्मा का चयन नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में हुआ है। यह चैंपियनशिप पुडुचेरी में आयोजित की जा रही है। आर्यन शर्मा इस भाग लेने के लिए पुडुचेरी पहुंचे हैं। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव अतुल लुंबा ने जानकारी देते हुए बताया कि बॉस्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 22 से 29 मई तक पुडुचेरी में आयोजित की जा रही है। इसमें गुना बास्केटबॉल एसोसिएशन के आर्यन शर्मा का चयन टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में हुआ है। वह मैच के दौरान टेक्निकल कमीशन और ऑफिशियल्स को एसिस्ट करेंगे।

### बकरीद से पूर्व गोवंश तस्करी रोकने विहिप ने सौंपा ज्ञापन

**गुना।** विश्व हिन्दू परिषद्, गोरक्षा विभाग द्वारा मंगुभाई पटेल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बकरीद से पूर्व प्रदेश में गोवंश हत्या एवं अवैध गोवंश तस्करी पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। संगठन ने कहा कि प्रदेश में गोवंश संरक्षण कानून होने के बावजूद अवैध गौ तस्करी एवं गौकशी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में आक्रोश है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए तथा गोवंश तस्करों एवं गौकशी करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि गौरक्षकों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर न होना पड़े।

### क्लब फुट अब अभिशाप नहीं, समय पर इलाज से संपूर्ण उपचार संभव

**गुना।** जिला चिकित्सालय गुना में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अनुष्का फाउंडेशन एवं स्क्वड्ढ फाउंडेशन के सहयोग से क्लब फुट जागरूकता एवं उपचार क्लिनिक का आयोजन डीआईईसी भवन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 24 बच्चों का फॉलो-अप किया गया, जिनमें कास्टिंग एवं टेनोटॉमी जैसे आवश्यक उपचार शामिल रहे। विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि क्लब फुट एक जन्मजात विकृति है, जिसमें जन्म के समय बच्चे का एक या दोनों पैर का पंजा अंदर की ओर मुड़ा होता है। जानकारी दी गई कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 33,000 बच्चे क्लब फुट के साथ जन्म लेते हैं। यदि बच्चे के जन्म के तुरंत बाद या प्रारंभिक 14 दिनों के भीतर पॉन्सेटी विधि से उपचार शुरू किया जाए।

## बमोरी क्षेत्र में बिजली संकट को लेकर विधायक का हल्ला बोल

# खड़ी फसलें हो रहीं खराब, जीएम कार्यालय का घेराव कर दी धरना देने की चेतावनी

**जागरण, गुना।** भीषण गर्मी और झुलसाने वाली लू के बीच बमोरी विधानसभा क्षेत्र में मेंटेनेंस और लोड शेडिंग के नाम पर की जा रही घंटों की अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ जन-आक्रोश फूट पड़ा है। क्षेत्र में लगातार बिगड़ती विद्युत व्यवस्था से नाराज बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के पीड़ित नागरिकों और किसानों के साथ खुद बिजली कंपनी (विद्युत मंडल) के रेलवे स्टेशन रोड स्थित कार्यालय पहुंचे। यहाँ उन्होंने बिजली कंपनी के महाप्रबंधक (जीएम) श्री शर्मा से मुलाकात कर ग्रामीण अंचलों की इस गंभीर समस्या पर कड़ा विरोध दर्ज कराया और व्यवस्था में तत्काल सुधार करने की दोटूक मांग की।



गौरतलब है कि बमोरी क्षेत्र के फतेहगढ़ सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से अघोषित कटौती और लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। दो दिन पहले ही फतेहगढ़ के स्थानीय नागरिकों ने विद्युत मंडल के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था सुधारने की मांग की थी, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ऋषि अग्रवाल ने खुद मोर्चा संभाला। सोमवार सुबह ठीक 11 बजे विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचे विधायक ने जीएम को जमीनी हकीकत से रूबरू कराया। चर्चा के दौरान बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल ने बताया कि पूरा बमोरी विधानसभा क्षेत्र पूर्णतः ग्रामीण और कृषि आधारित है, जहां अघोषित बिजली कटौती के कारण आम जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है। दिन-दिन भर बिजली गुल रहने के साथ-साथ अब रातों में भी चार से पांच घंटे तक की भारी कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी के इस दौर में रात-रात भर लाइट नहीं मिलने से घरों में बुजुर्ग, बीमार व्यक्ति, महिलाएं और छोटे बच्चे तड़पने को मजबूर हैं और लोग रात को सो तक नहीं पा रहे हैं। विधायक ने किसानों की पीड़ा उठाते हुए कहा कि इस समय क्षेत्र के किसानों ने खेतों में मूंग की फसल बो रखी है, वहीं कई ग्रामीणों ने बड़े पैमाने पर हरी सब्जियां और फूलों की खेती की है। बिजली कंपनी द्वारा पर्याप्त बिजली न देने और पंप लाइन चालू न होने के कारण खेतों में खड़ी फसलें पानी के अभाव में सूखकर खराब हो रही हैं। विधायक और ग्रामीणों के कड़े तेवरों को देखते हुए बिजली कंपनी के जीएम शर्मा ने आश्वस्त किया कि वे बमोरी विधानसभा के ग्रामीण अंचलों की व्यवस्था की समीक्षा कर जल्द से जल्द तकनीकी सुधार करवाएंगे। वहीं, बमोरी विधायक ने चेतावनी भरे लहजे में साफ कह दिया है कि यदि इस आश्वासन के बाद भी अगले कुछ दिनों में समस्या का धरातल पर स्थाई समाधान नहीं होता है, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। इसके खिलाफ वे स्वयं क्षेत्रीय जनता और किसानों के साथ मिलकर फतेहगढ़, बमोरी, म्याना और सिरसी सहित क्षेत्र के प्रमुख केंद्रों पर उग्र आंदोलन करते हुए धरने पर बैठ जाएंगे।

## बड़े पुल पर जूस की दुकान में लगी भीषण आग

# राहगीरों की सुझबुझ से बची दुकान संचालक की जान



**जागरण, गुना।** शहर के व्यस्ततम इलाके बड़े पुल स्थित काली माता मंदिर के सामने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में दुकान के भीतर रखा करीब डेढ़ से दो लाख रुपये का कीमती सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। गनीमत यह रही कि समय रहते वहाँ से गुजर रहे राहगीरों की नजर लपटों पर पड़ गई, जिन्होंने शोर मचाकर अंदर सो रहे दुकान संचालक को जगाया और सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई। पीड़ित दुकानदार राजेश जैन ने बताया कि वे पिछले 17 वर्षों से इस स्थान पर जूस की दुकान संचालित कर रहे हैं। वर्तमान में दुकान के भीतर जूस के व्यवसाय के साथ-साथ अचार बनाने की सामग्री, मसाले, तेल के पीपे और रेडीमेड कपड़े भी भारी मात्रा में रखे हुए थे। रात करीब ढाई बजे जब वे दुकान के अंदर गहरी नींद में सो रहे थे, तभी अचानक दुकान से आग की लपटें उठने लगीं। राहगीरों द्वारा जगाए जाने पर जब वे उठे, तो पूरी दुकान आग की चपेट में आ चुकी थी। उन्होंने अंदर रखे पानी के कैंपर से आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। सूचना मिलते ही पहले डायल 112 पुलिस और फिर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, जिसने कड़ी मशक्कत के बाद आग को शांत किया। इस पूरी घटना को लेकर पीड़ित राजेश जैन ने किसी अज्ञात असामाजिक तत्व द्वारा रंजिशन आग लगाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली थाने में शिकायती आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

## बूढ़े बालाजी मंदिर में पूजा को लेकर छिड़ा संग्राम

# नई समिति के पुजारी से मारपीट कर निकाला, थाने पहुंचा विवाद

**जागरण, गुना।** शहर के सुप्रसिद्ध व प्राचीन धार्मिक स्थल बूढ़े बालाजी मंदिर की व्यवस्थाओं और पूजा के अधिकार को लेकर चल रहा अंदरूनी विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। मंदिर में पूजा करने पहुंचे नवनियुक्त पुजारी के साथ पुरानी समिति के पूर्व पदाधिकारियों द्वारा गाली-गलौज कर मारपीट करने और उन्हें मंदिर से जबरन बाहर निकालने का एक मामला सामने आया है। घटना से आक्रोशित होकर नवनियुक्त पुजारी, नई समिति के अध्यक्ष और पदाधिकारियों के साथ शिकायत लेकर कोतवाली थाने पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पुजारी सुरेश शर्मा ने बताया कि वे पूर्व में भी बूढ़े बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना का कार्य संभालते थे। हाल ही में मंदिर की नवनिर्माण समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल एवं पदाधिकारियों द्वारा बकायदा एक आधिकारिक नियुक्ति पत्र जारी कर उन्हें पुनः विधि-विधान से मंदिर का मुख्य पुजारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र के आधार पर जब वे गत दिवस मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना करने पहुंचे, तभी पुरानी समिति के पूर्व अध्यक्ष गजानंद अवस्थी और उनके सहयोगियों ने वहां आकर विवाद शुरू कर दिया। पुजारी का आरोप है कि पूर्व अध्यक्ष ने क्रूरतापूर्वक उनकी गर्दन पकड़ी, उन्हें धक्का देकर मंदिर परिसर से बाहर कर दिया और भविष्य में पूजा करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुजारी ने पुरानी समिति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त पदाधिकारियों ने लंबे समय से मंदिर की व्यवस्थाओं को बिगाड़ रखा है और वहां करोड़ों रुपये का वित्तीय घोटाला किया गया है, जिसकी शिकायतें पूर्व में भी की जा चुकी हैं। नई समिति ने कोतवाली पुलिस के साथ-साथ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी लिखित शिकायती आवेदन देकर मामले की उच्चस्तरीय जांच और आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है।

## रीवा हादसे से प्रदेशभर में उबला सकल जैन समाज, उच्चस्तरीय जांच के लिए खोला मोर्चा

# राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति और देश में तुरंत लागू हो संत सुरक्षा प्रोटोकॉल, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**जागरण, गुना।** मध्य प्रदेश के रीवा में जैन साध्वी आर्यिका श्रुतमति माताजी एवं उपशममति माताजी की एक सडक़ दुर्घटना में हुई असामयिक समाधि के विरोध में गुना सहित पूरे प्रदेश और देश की जैन समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस हृदयविदारक घटना को लेकर जैन समाज द्वारा देशव्यापी मौन विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया, जिसके तहत गुना जिला मुख्यालय सहित समूचे मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और सागर जैसे प्रमुख महानगरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों में समाज के हजारों नागरिकों ने सडक़ों पर उतरकर मूक विरोध दर्ज कराया।




गुना में इस ऐतिहासिक और वृहद मौन जुलूस की शुरुआत सोमवार सुबह स्थानीय चौधरी मोहल्ला स्थित श्री पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से हुई। हाथों में तख्तियां लिए और चेहरे पर गहरी वेदना व आक्रोश समेटे समाज के हजारों पुरुष, युवा और बड़ी संख्या में मातृशक्ति इस आंदोलन में शामिल हुई। यह विशाल मौन जुलूस शहर के प्रमुख व्यावसायिक मार्गों जैसे बताशा गली, हाट रोड रपटा और हनुमान चौराहा से होता हुआ कलेक्टोरेट परिसर पहुंचा, जहां प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा गया। जिला मुख्यालय के साथ-साथ गुना जिले के आरोन, राघौगढ़, बीनागंज, कुंभराज और जामनेर सहित तमाम अंचलों में भी जैन समाज पूरी तरह लामबंद नजर आया और स्थानीय स्तर पर रैलियां निकालकर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए। श्री दिगंबर जैन समाज पंचायत ट्रस्ट गुना के अध्यक्ष संजय जैन कामिनी और महामंत्री अनिल जैन अंकल ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि यह दुखद घटना केवल एक साधारण सडक़ दुर्घटना नहीं मानी जा सकती। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर उपलब्ध वीडियो क्लिप और तथ्यों को देखते हुए समाज में गहरी आशंका और चिंता का माहौल है, इसलिए इस पूरे प्रकरण की एसआईटी अथवा न्यायिक स्तर पर निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। इसके साथ ही घटना स्थल के आसपास के तमाम सीसीटीवी फुटेज, वीडियो और डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित कर दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए और यदि इसमें कोई सुनियोजित साजिश या षड्यंत्र सामने आता है, तो उसके अनुसार सख्त धाराएं जोड़ी जाएं। जैन समाज के पदाधिकारियों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक और पैदल विहार करने वाले परम तपस्वी होते हैं, जो किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था या आधुनिक सुख-सुविधाओं का उपयोग नहीं करते हैं।

### भैंसाना में यज्ञ देखने गया था परिवार, पीछे से चोरों ने घर को किया साफ

**गुना।** जिले के ग्राम भैंसाना में चल रहे धार्मिक यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होने गया एक परिवार चोरी का शिकार हो गया। चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर ताला चटकाया और नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। फरियादी सतीश कुमार यादव निवासी गीता नगर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15, कुंभराज ने अपने छोटे भाई विक्रमसिंह यादव के साथ थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। फरियादी सतीश यादव ने बताया कि बीते गत रात करीब 10 बजे वे अपने पूरे परिवार के साथ ताला लगाकर ग्राम भैंसाना में यज्ञ देखने गए हुए थे। अगले दिन 23 मई की सुबह करीब 5 बजे जब पूरा परिवार वापस घर लौटा, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरों का सारा सामान अस्त-व्यस्त बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोर अलमारी का लॉकर तोडक़र उसमें रखे 45,000 रुपये नगद, बच्चे की सोने की हाय (लॉकेट) और एक चांदी की छोटी चैन चोरी कर ले गए। कुंभराज थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर क्षेत्र में चोरों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

## राघौगढ़ और कुंभराज में सफाई के लिए चलाया गया विशेष अभियान



**जागरण, राघोगढ़।** नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रामघाट चौपट नदी रूठियाई तट पर नगर पालिका की स्वच्छता टीम के साथ श्रमदान कर सफ़ाई कार्य किया गया। तदोपरांत रामघाट पर पूजा अर्चन कर भंजन संध्या का आयोजन किया गया।इस मौके पर स्वच्छता निरीक्षक कीर्ति सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष रामस्वरूप मीणा, पार्षद गोपाल पटवा, पार्षद विवेक चंदेल, अनिल वर्मा एवं नगर पालिका स्वच्छता आमला उपस्थित रहा।

### कुएं की हुई सफाई

कुंभराज में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशमी पर्व के उपलक्ष्य में एवं कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार नगर परिषद कुंभराज द्वारा खाटूश्याम मंदिर स्थित सार्वजनिक कुएं की विशेष सफाई कराई गई। अभियान का उद्देश्य आमजन को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना रहा, ताकि नागरिक सुरक्षित रूप से कुएं का पानी उपयोग कर सकें। इस दौरान कुएं की साफ-सफाई, आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता एवं जल संरक्षण को लेकर भी विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू, नगर परिषद स्टाफ एवं खाटूश्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष गोपाल सुमन उपस्थित रहे। इसके साथ ही गणेश जी शर्मा (शिक्षक), रामहेत मीना एवं बछराज राजपूत मांगीलाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता निभाई। उपस्थित जनों ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने का संदेश देते हुए आमजन से भी जल स्रोतों को स्वच्छ रखने की अपील की।

## फिर बाढ़ के खतरे को लेकर पूर्व विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र

### पिछले वर्ष के नुकसान को लेकर प्रशासन को घेरा



**जागरण, गुना।** वर्षा ऋतु के नजदीक आते ही शहर में संभावित बाढ़ के खतरे को लेकर सियासत और चिंताएं तेज हो गई हैं। नगर पालिका परिषद गुना के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा ने कलेक्टर को एक शिकायती आवेदन पत्र सौंपकर शहर के नालों की सफाई न होने पर कड़ा आक्रोश जताया है। सलूजा ने पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी भेजी है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि पिछले वर्ष की तरह इस साल भी शहर में बाढ़ के हालात निर्मित होते हैं और जनता का नुकसान होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। वर्तमान में बारिश शुरू होने में महज 20 दिन का समय शेष बचा है, लेकिन निचले बाजार के गंदे नाले, मुक्तिधाम पुलिया, कोल्हूपुरा, गल्ला मंडी ब्रिज, घोसीपुरा और बांसखेड़ी के नालों की सफाई आज दिनांक तक नहीं कराई गई है, जिससे इस वर्ष स्थिति पिछले साल से भी अधिक बदतर नजर आ रही है। पूर्व विधायक ने पत्र में पिछले वर्ष के प्रशासनिक दोषों को उजागर करते हुए बताया कि मुक्तिधाम पुलिया के पास सीवर लाइन डालते समय ठेकेदार ने नाले के भीतर ट्रीटमेंट प्लांट तो बना दिए, लेकिन उसकी मिट्टी बाहर नहीं निकाली। इसके चलते पिछले वर्ष पठार मोहल्ला और पुरानी छावनी जैसी गरीब बस्तियों में बाढ़ आ गई थी, जिससे वहां संचालित गौशाला के भीतर पानी भरने से कई गौमाताएं नाले में बहकर काल कवलित हो गई थीं। इसी तरह, पिछले 40 वर्षों के इतिहास में नानाखेड़ी क्षेत्र में कभी बाढ़ नहीं देखी गई, लेकिन पिछले साल प्रशासन ने बिना जनता को सूचित किए गोपालपुरा तालाब को तोड़ दिया, जिससे बाढ़ का पानी अचानक भगतसिंह कॉलोनी, दलवी कॉलोनी और नानाखेड़ी की बस्तियों के घरों में घुस गया। उन्होंने मांग की है कि यदि तालाब क्षतिग्रस्त है, तो उसका निर्माण तुरंत कराया जाए और इन बस्तियों को डूबने से बचाया जाए। सलूजा ने गुनिया नदी के रूप में बहने वाले निचले बाजार के गंदे नाले के सौंदर्यीकरण और दोनों तरफ सडक़ निर्माण के कार्य पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं।

### एक किलो से अधिक गांजे के साथ तस्कर दबोचा

**गुना।** जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने उपरेटी पार्क की पुलिया के पास घेराबंदी कर एक शातिर नशा तस्कर को रंगेहाथ दबोचा है। आरोपी के कब्जे से 1.128 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और तस्करी में प्रयुक्त सामग्री जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके फरार साथी और गांजा सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी के खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत रात राघौगढ़ थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक सीताराम धुर्वे को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि धीरपुर तालाब की ओर से एक व्यक्ति कंधे पर सफेद प्लास्टिक के कट्टे में गांजा लेकर पैदल-पैदल राघौगढ़ की तरफ आ रहा है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एएसआई धुर्वे ने तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक अजय जाट को अवगत कराया और मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम इस्माईल उर्फ इस्सू निवासी उपरेटी मोहल्ला राघौगढ़ बताया। उसके कट्टे की तलाशी ली गई, तो उसके अंदर पोलिथीन में छुपाकर रखा हुआ हरे रंग का वनस्पति पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

## समय सीमा बैठक में लंबित पत्रों को लेकर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

# पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क, प्रतिदिन की जाएगी समीक्षा

**जागरण, गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एडीएम अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित संबंधित जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पेयजल संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक क्षेत्र में कंट्रोल रूम स्थापित कर प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए तथा जल स्रोतों पर विशेष सतर्कता रखी जाए। कलेक्टर ने कहा कि कहीं भी जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य 28 मई 2026 तक जारी रहेगा। अब तक 12 हजार 356 किसानों में से 8 हजार 752 किसानों ने गेहूं विक्रय किया है। जिले में 67 हजार 252 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है, जिसमें से अधिकांश का परिवहन एवं स्वीकृति कार्य पूर्ण किया जा चुका है। किसानों को 137.45 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है, जबकि शेष भुगतान की प्रक्रिया जारी है।



### जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मान

कलेक्टर श्री कन्याल ने जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का ताली बजवाकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि टीमवर्क एवं समन्वय के माध्यम से जिले में जनगणना का कार्य समय-सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। जिला गुना ने प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में 48 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण मार्च-अप्रैल 2026 में पूर्ण किया गया। जिला जनगणना अधिकारी श्री अखिलेश कुमार जैन के निर्देशन में 2600 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बैठक में कृषि उपज मंडी समिति गुना की उपलब्धि पर कलेक्टर द्वारा उत्साहवर्धन किया गया।

मंडी सचिव आरपी सिंह ने बताया कि अप्रैल 2026 में मंडी शुल्क आय 3 करोड़ 33 लाख रुपए रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। यह निर्धारित लक्ष्य से भी 28 प्रतिशत अधिक उपलब्धि है। साथ ही मंडी गुना में दिनांक 01 अप्रैल 2026 से ई मंडी प्रणाली अंतर्गत ऑनलाइन व्यवस्था को भी पूर्ण रूप से लागू किया गया है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारतम् मिशन अंतर्गत जिले में पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान जारी है।

# अवैध खनन-परिवहन पर सख्त कार्रवाई, ओवरलोड डंपर जब्त



**जागरण, गुना।** जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त वाहनों पर निरंतर निगरानी रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज गुना शहरी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान खनिज विभाग की टीम ने एक डंपर को जब्त किया। जांच के दौरान पाया गया कि वाहन में परिवहन की जा रही सामग्री की मात्रा रॉयल्टी में उल्लेखित मात्रा से अधिक थी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित डंपर को जब्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया। जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा ने बताया कि जब्त किए गए वाहन के विरुद्ध अर्थदंड सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। उन्होंने कहा कि ओवरलोड परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।